

एक नजर में



## अवैध शराब का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**रेहटी.** अवैध रूप से शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों को के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही करते हुए धर दबोचा है. आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब भी बरामद की गई. जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कलवाना नहर के पास से कार को रोककर चैकिंग की. कार चालक ने अपना नाम सौरभ पिता अशोक निवासी डिमावर बताया तथा साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भोलाराम पिता राधाकृष्ण बताया. कार में 79 लीटर शराब पाई गई. जिसकी अनुमानित कीमत 57 हजार से अधिक बताई गई. पुलिस ने कार सहित आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की.




## इनरव्हील क्लब का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

**आष्टा.** इनरव्हील क्लब द्वारा वार्षिक मीटिंग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भोपाल की इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 304 की चेयरमैन विभा सिंह ने अध्यक्षता की .नपाध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. चेयरमैन विभा सिंह ने कहा कि केवल सहायता करना ही क्लब का उद्देश्य नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाना, महिलाओं पर होने वाले मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक उत्पीड़न के विरुद्ध भी आवाज उठाना आवश्यक है. इस अवसर पर अध्यक्ष संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, दीपिका सोनी, श्रद्धा पालीवाल, अर्चना सोनी, जयश्री शर्मा, हेमलता सोनी, सुधा सेठिया, चंदा वोहरा, सरोज पालीवाल, जया वोहरा, डॉ. अर्चना सोनी, प्रतिभा नागर, विद्या खंडेलवाल, सुनीता नागर, किरण पारख, आशा सोनी, आरती शर्मा, सीमा बैरागी, गीता सोलंकी, जुली वैष्णव, रीना शर्मा, मंदा कासलीवाल, किरण रांका, दीप्ति सोनी मौजूद रहीं.



## महिलाओं ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**बुधनी.** इंदौर में दूषित एवं सीवरेज मिश्रित पानी के सेवन से लगभग 18 लोगों की मौत तथा सैकड़ों लोगों के बीमार होने की हृदयविदारक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है. नगर में प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव कंचन शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालकर इंदौर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की. महिलाएं हाथों में मोमबत्तियां लेकर बुधनी घाट पर एकत्रित हुई और मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाने की मांग की.



## विदेशों तक निर्यात कराएंगे मिट्टी से बने आयटम : अरूणा

**सीहोर.** कुम्हार मोहल्ला में समाजसेवी अरूणा सुदेश राय ने चॉक मशीन पर मिट्टी से दीपक बनाकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया. इस मौके पर भाजपा जिलामंत्री प्रीति सोनी समाजसेवी संतोष विजयवर्गीय भी उपस्थित रहीं. प्रशिक्षण ले रहीं महिलाओं के बीच अरूणा सुदेश राय द्वारा तिल्ली के लड्डु बांटकर मकर संक्रांति पर्व भी मनाया गया. अरुणा राय ने कहा कि सीहोरी मिट्टी से बने गुणवत्तापूर्ण सजावटी,घरेलू उपयोगी खेल खिलौनों सहित अन्य सभी आयटम के लिए शहर में बाजार उपलब्ध कराऐंगे और विभाग के सहयोग से विदेशों तक भी निर्यात कराने का प्रयास करेंगे.

# खुदाई में प्रकट हुई हनुमान जी व बिजासनी माता की प्रतिमाएं

**बानेश्वर धाम बना आस्था का केंद्र**




**छतरपुर,8 जनवरी. बुंदेलखंड के छतरपुर जिले के बिजावर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डागरगुंवा स्थित हरसापुरवा में स्थित श्री बानेश्वर धाम सरकार इन दिनों श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केन्द्र बन गया है. यहां हाल ही में हुई खुदाई के दौरान हनुमान जी महाराज एवं माता बिजासनी की प्रतिमाएं मिलने से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है. दूर-दराज के गांवों और जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं.**

बानेश्वर धाम के पुजारी पंडित राम जी महाराज उर्फ रामकृष्ण शास्त्री ने बताया कि उन्हें लगातार कुछ दिनों तक स्वप्न आते रहे, जिनमें यह संकेत मिला कि धाम परिसर की भूमि के भीतर हनुमान जी महाराज विराजमान हैं. इसी दौरान गौशाला निर्माण के लिए पिलर खोदने का कार्य चल रहा था. खुदाई के बाद भी पुजारी को पुन: स्वप्न आया, जिसमें उसी स्थान के आसपास और खुदाई करने का निर्देश मिला.

इस विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी गई, जिसके बाद सभी की सहमति से पूर्णिमा के दिन विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ खुदाई कराई गई. खुदाई के दौरान भूमि के भीतर से हनुमान जी महाराज की प्रतिमा प्रकट हुई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए. इसके बाद पुजारी को एक और स्वप्न आया, जिसमें बताया गया कि इस स्थान पर देवी शक्तियों का भी वास है. अगले दिन पुन: खुदाई की गई, जिसमें धातु से निर्मित माता बिजासनी की प्रतिमा प्राप्त हुई. पुजारी के अनुसार यह स्थल प्राचीन मंदिर का हिस्सा रहा है. इस घटना के बाद बानेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है और लोग इसे ईश्वरीय संकेत मानकर आस्था के साथ दर्शन कर रहे हैं.

# चंदला महाविद्यालय में स्वच्छता पर प्रशासनिक उदासीनता उजागर

**छतरपुर, 8 जनवरी. जिले के चंदला स्थित महाविद्यालय में स्वच्छता की बदहाली ने प्रशासन और सरकार के दावों की पोल खोल दी है. एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता पखवाड़ा जैसे अभियानों के जरिए जागरूकता का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है, जो सामने आई तस्वीरों में साफ दिखाई देती है.**



महाविद्यालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है. जगह-जगह गुटखा-पान के पाउच, थूक से लाल दीवारें और गंदे शौचालय यह बताने के लिए काफी हैं कि यहां निगरानी और जवाबदेही पूरी तरह नदारद है. सबसे चिंताजनक स्थिति पानी पीने की जगहों की है, जहां सफाई का अभाव सीधे छात्रों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करता नजर आ रहा है.

इंदौर जैसे महानगर में दूषित पानी से मौतों की खबरें सामने आ चुकी हैं, इसके बावजूद शिक्षा संस्थानों में बुनियादी स्वच्छता पर गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है. छात्र-छात्राओं का कहना है कि गंदगी के कारण वे परिसर में जाने से कतराते हैं. नियमित सफाई नहीं होती, अनुशासन का अभाव है और शिकायतों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती. कागजों में सफाई दिखाना और वास्तविक हालात का अलग होना व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है.

**इनका कहना है**

इस संबंध में जब महाविद्यालय के प्राचार्य नफीस अहमद से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में नियमित रूप से सफाई कराई जाती है.



# दिव्यांग महिला ने लगाया घरेलू हिंसा का आरोप

- बिना तलाक पति ने की दूसरी शादी

**छतरपुर, 8 जनवरी. मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के सूरजपुर गांव में घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना और बहुविवाह का गंभीर मामला सामने आया है. एक दिव्यांग महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है.**

पीड़िता हेमलता साहू ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में सूरजपुर निवासी राकेश साहू से हुई थी. शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा दो लाख रुपये दहेज की मांग की जाने लगी. मांग पूरी न होने पर उसके साथ लगातार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की गई. हेमलता का आरोप है कि बीमारी के दौरान उसे संदिग्ध दवा खिलाई गई, जिससे उसकी आंखों की रोशनी लगभग पूरी तरह चली गई. इसके बाद उसे बोझ मानते हुए घर से निकाल दिया गया.

पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति ने बिना तलाक लिए एक लाख रुपये में राजकुमारी नाम की महिला को घर लाकर दूसरी शादी कर ली. अगस्त माह में समझौते के बहाने बुलाकर उसके साथ दोबारा मारपीट की गई, जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं. हेमलता का यह भी कहना है कि उससे धोखे से नोटरी दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाया गया, जिनका उपयोग दूसरी शादी को सहमति बताने में किया गया. वहीं, पति राकेश साहू ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि पहली पत्नी पहले से ही दृष्टिहीन थी और उसने दूसरी महिला को लिव-इन रिलेशनशिप में रखा है.

**दूसरी पत्नी का कहना है कि**

दूसरी महिला राजकुमारी ने दावा किया कि शादी तीनों की सहमति से हुई थी. इस मामले में सीएसपी अरुण सोनी ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि नोटरी या स्टांप पर दी गई ऐसी सहमति कानूनन मान्य नहीं होती. जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.



**मृतकों को दी श्रद्धांजलि**

# इंदौर जल हादसे के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च

**छतरपुर,8 जनवरी. इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया. यह मार्च कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर छत्रसाल चौक तक पहुंचा. मार्च में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए.**

कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर इंदौर जल हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दूषित पानी के कारण हुई मौतें प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं. उन्होंने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. नेताओं ने कहा कि आम नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन इस मामले में गंभीर चूक हुई है. कैंडल मार्च शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ.

## बाघ-बाघिन की मौजूदगी से कई गांवों में दहशत

**बुधनी 08 जनवरी.** वन परिक्षेत्र में बाघ की मौजूदगी से क्षेत्र में हड़कंप मचा है. जानकारी के अनुसार बुधनी नेशनल हाइवे-46 पर जोशीपुर-बगवाड़ा के बीच बाघ और बाघिन देखे जाने की सूचना राहगीरों एवं ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में सघन तलाश अभियान शुरू किया. तलाश के दौरान यह जानकारी सामने आई कि बाघ ने खेतों के पास एक जंगली सुअर का शिकार किया था. शिकार के बाद बाघ खेतों से होते हुए जंगल की ओर चला गया. फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन एहतियातन वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है् वन परिक्षेत्र अधिकारी राजित द्विवेदी ने बताया कि नेशनल हाइवे के समीप खेतों में बाघ और बाघिन के मूवमेंट की सूचना मिली थी, जिसके बाद वन अमले को तुरंत मौके पर भेजा गया.

# फसल अवशेष प्रबंधन पर किसानों को किया जागरूक

**छतरपुर, 8 जनवरी. कृषि अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा जिले में नरवाई न जलाने एवं फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है. इसी क्रम में 6 जनवरी 2026 को छतरपुर विकासखंड के ग्राम मडारका में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान और इसके विकल्पों की जानकारी दी गई.**




कार्यक्रम के दौरान ग्राम के किसान भारत भाई पटेल, मनवेन्द्र पटेल, नरेश पटेल, महेन्द्र पटेल सहित अन्य कृषकों को फसल अवशेष प्रबंधन की आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों से अवगत कराया गया. इसके पश्चात 7 जनवरी 2026 को ग्राम बंधी खुर्द के किसान नंदलाल यादव तथा ग्राम भेलसी के किसान मनोज अहिरवार को भी नरवाई प्रबंधन के वैज्ञानिक एवं पर्यावरण हितैषी तरीकों की जानकारी दी गई.

कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर मशीनों के माध्यम से नरवाई में सीधे बोनी करने से खेती की लागत कम होती है, मिट्टी की नमी सुरक्षित रहती है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है. वहीं स्ट्रॉ रीपर एवं रीपर बाइंडर जैसे कृषि यंत्रों से नरवाई को काटकर भूसा बनाकर पशु आहार के रूप में उपयोग किया जा सकता है. इसके अलावा रिवर्सिबल प्लाऊ के उपयोग से नरवाई को मिट्टी में मिलाने पर भूमि की उर्वरता एवं जैविक गुणों में सुधार होता है. विभाग ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई जलाने से बचें और आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें.

**जनसंवाद** | **पुलिस की टीमों ने पूर्व में चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया**

# संपत्ति अपराधों पर लगाम के लिए पुलिस की सघन पेट्रोलिंग

**छतरपुर, 8 जनवरी. जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम और नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन पेट्रोलिंग और जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है. इसी क्रम में पुलिस की टीमों ने पूर्व में चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और नागरिकों से सीधा संवाद किया.**



पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों से बचाव के उपाय बताए. लोगों से अपने घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की गई. पुलिस ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल देने का आग्रह किया.

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शीत ऋतु के दौरान आपराधिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं. ऐसे में घर खाली छोड़कर बाहर जाने से बचें. यदि जाना आवश्यक हो तो पहले पुलिस को सूचित करें तथा कीमती सामान सुरक्षित स्थान पर रखें. अभियान के तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और हाईवे पर भी नियमित पेट्रोलिंग की गई. संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई. छतरपुर पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 7049101021, डायल 112 या नजदीकी थाना से संपर्क करें. पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

## आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

**बुधनी .** नगर में आवारा और पालतु कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. गली-मोहल्लों, स्कूल मार्गों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर कुत्तों के झुंड आए दिन राहगीरों पर हमला कर रहे हैं. बढ़ते डॉग बाइट के मामलों से नगर में भय का माहौल बना है. सिविल अस्पताल में प्रतिदिन 2 से 4 डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं. जिनमें स्कूली बच्चे, मजदूर, बुजुर्ग और राहगीर शामिल हैं. कई मामलों में घाव गंभीर होने पर पीड़ितों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाकर प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है. पूर्व में भी डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं को लेकर मीडिया द्वारा मामला उठाया गया था, जिसके बाद नगर परिषद ने अभियान चलाते हुए कुछ लोगों को नोटिस जारी किए थे.

# डेढ़ साल के बच्चे को छोड़कर मां लापता

**प्रेमी संग जाने का आरोप : परिजन**

**छतरपुर, 8 जनवरी. जिले के लवकुश नगर थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला अपने डेढ़ वर्ष के मासूम बच्चे को घर में छोड़कर अचानक लापता हो गई. महिला के ससुराल पक्ष ने उस पर अपने प्रेमी के साथ फरार होने का आरोप लगाया है. घटना के बाद से परिवार सदमे में है और मासूम बच्चा मां के बिना लगातार रो रहा है.**



जानकारी के अनुसार महिला सुमन बुधवार सुबह करीब 11 बजे घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी. परिजनों ने पहले आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. इसके बाद मायके पक्ष को सूचना दी गई और लवकुश नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई.

परिजनों का आरोप है कि सुमन अपने साथ मोबाइल फोन के अलावा घर में रखी नगदी और जेवरात भी ले गई है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह किसके साथ गई है और कहां है. महिला का पति रोजगार के सिलसिले में सूरत में काम करता है. बताया गया है कि सुमन करीब 25 दिन पहले ही सूरत से अपने ससुराल लौटी थी.मामले में महिला की सास और देवर द्वारा आवेदन दिया गया है. पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे ने बताया कि महिला की तलाश की जा रही है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है.